CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

□ वर्ष- 29 □ अंक- 292 □ रायपुर, मंगलवार 17 नवम्बर 2026 □ पृष्ठ-8 □ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

मानदेय बढ़ाने से लेकर नियमितीकरण की मांग
आज से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का 3 दिनी हड़ताल शुरू

रायपुर, 17 नवम्बर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने अपनी मांगों को लेकर आंदोलन शुरू कर दिया है। मानदेय में बढ़ोतरी, नियमितीकरण और आर्थिक सुरक्षा की मांग को लेकर कार्यकर्ता आज से तीन दिवसीय हड़ताल पर चली गई हैं। इस दौरान बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अपनी मांगों के समर्थन में एकजुट होकर प्रदर्शन कर रही हैं। आंदोलन कर रही कार्यकर्ताओं का कहना है कि वे लंबे समय से अपनी जिम्मेदारियां निभा रही हैं, लेकिन इसके बावजूद उन्हें अपेक्षित मानदेय और सामाजिक सुरक्षा का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इसी को देखते हुए उन्होंने अपनी मांगों को लेकर सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिए तीन दिन तक काम बंद कर हड़ताल करने का फैसला लिया है।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की प्रमुख मांगों में मानदेय बढ़ाकर 30 हजार रुपये करना शामिल है। उनका कहना है कि आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन से लेकर बच्चों और महिलाओं से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां उन्हें निभानी पड़ती हैं। कार्यकर्ताओं को बच्चों की देखभाल, पोषण संबंधी गतिविधियों,





गर्भवती और धात्री महिलाओं की जानकारी जुटाने, टीकाकरण में सहयोग और सरकारी योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने जैसे काम करने होते हैं। इसके अलावा विभागीय रिकॉर्ड और ऑनलाइन जानकारी अपडेट करने की जिम्मेदारी भी रहती है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि काम का दायरा लगातार बढ़ रहा है, लेकिन इसके अनुरूप मानदेय नहीं मिल रहा है। इसलिए उन्होंने मानदेय बढ़ाकर 30 हजार रुपये प्रतिमाह करने की मांग उठाई है।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की दूसरी प्रमुख मांग नियमितीकरण की है। उनका कहना है कि वे कई वर्षों से विभागीय योजनाओं और जमीनी स्तर पर सरकारी कामकाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। इसके बावजूद उन्हें नियमित कर्मचारियों जैसी सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। कार्यकर्ताओं का कहना है कि नियमितीकरण होने से उनके भविष्य को लेकर अनिश्चितता कम होगी। साथ ही उन्हें नौकरी की सुरक्षा और अन्य जरूरी सुविधाएं मिल सकेंगी।

अपनी मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने तीन दिवसीय हड़ताल का ऐलान किया है। इस दौरान वे काम बंद रखकर प्रदर्शन के माध्यम से अपनी बात सरकार तक पहुंचाएंगी। बेमेतरा में इस आंदोलन के चलते आंगनबाड़ी केंद्रों से जुड़ी गतिविधियां प्रभावित होने की आशंका है। आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों को पोषण आहार उपलब्ध कराने, गर्भवती महिलाओं और छोटे बच्चों की देखभाल तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं का संचालन किया जाता है। ऐसे में कार्यकर्ताओं की हड़ताल का असर इन सेवाओं पर भी पड़ सकता है। आंदोलन कर रही कार्यकर्ताओं ने सरकार से उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार करने की अपील की है। उनका कहना है कि वे लंबे समय से अपनी समस्याओं और मांगों को उठा रही हैं, लेकिन अब तक अपेक्षित समाधान नहीं मिल पाया है।


10 लाख रुपये की आर्थिक सुरक्षा की मांग

आंदोलन में 10 लाख रुपये की आर्थिक सुरक्षा की मांग भी प्रमुखता से शामिल है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि काम के दौरान उन्हें कई तरह की जिम्मेदारियां और चुनौतियां झेलनी पड़ती हैं। ऐसे में उनके और उनके परिवार के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए आर्थिक सुरक्षा जरूरी है। उनकी मांग है कि किसी अनहोनी या संकट की स्थिति में परिवार को आर्थिक सहायता मिल सके। इसके लिए 10 लाख रुपये की आर्थिक सुरक्षा व्यवस्था लागू करने की मांग उठाई गई है।

दीपक टंडन को बड़ा झटका
जमानत याचिका खारिज, प्रोडक्शन वारंट पर रायपुर लेकर पहुंची पुलिस

बिलासपुर, 17 नवम्बर (हाईवे चैनल)। रायपुर के होटल कारोबारी दीपक टंडन को अदालत से बड़ा झटका लगा है। फर्जी खबरें प्रकाशित करने, एआई टूल की मदद से तस्वीरों में छेड़छाड़ करने और आपत्तिजनक सामग्री प्रसारित कर लोगों को ब्लैकमेल करने के आरोप में गिरफ्तार दीपक टंडन की जमानत याचिका अदालत ने खारिज कर दी है। नवम सत्र न्यायाधीश की अदालत ने मामले की गंभीरता को देखते हुए यह फैसला सुनाया।

पुलिस के मुताबिक, दीपक टंडन पर न्यूज पोर्टल की आड़ में



लोगों की छवि खराब करने वाली भ्रामक खबरें प्रकाशित करने का आरोप है। आरोप है कि वह एआई टूल की मदद से लोगों की तस्वीरों में छेड़छाड़ कर अश्लील और आपत्तिजनक सामग्री तैयार करता था। इसके बाद ऐसी तस्वीरें और भ्रामक खबरें प्रसारित कर संबंधित लोगों से रुपये वसूलने के लिए दबाव बनाया जाता था। इस मामले में तिफरा निवासी मणिशंकर पांडेय की शिकायत पर सिरगिट्टी थाने में अपराध दर्ज किया गया था।

मामले की जांच के दौरान पुलिस ने 6 नवंबर को रायपुर के न्यू राजेंद्र नगर स्थित रजत प्राइम अपार्टमेंट से दीपक टंडन को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से दो मोबाइल फोन भी जब्त किए थे। पुलिस का दावा है कि मोबाइल की जांच में आपत्तिजनक फोटो, वीडियो और ऑडियो सामग्री मिली है।

यूपी चुनाव से पहले ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी, बढ़ गए 18 लाख 84 हजार मतदाता

नई दिल्ली, 17 नवम्बर (न्यूज चैनल)। चुनाव आयोग द्वारा जारी मसौदा मतदाता सूची के अनुसार उत्तर प्रदेश में मतदाताओं की कुल संख्या बढ़कर 13.58 करोड़ से अधिक हो गई है, जिसमें 18.84 लाख नए मतदाता जुड़े हैं। इस सूची पर दावे और आपत्तियां 16 दिसंबर तक दर्ज कराई जा सकती हैं। वहीं, नए मतदाताओं को जोड़ने के लिए भाजपा ने राज्य में पंजीकरण अभियान शुरू किया है। चुनाव आयोग ने मंगलवार को विशेष सारांश पुनरीक्षण के तहत उत्तर प्रदेश के लिए मतदाता सूची का मसौदा जारी किया, जिससे राज्य में कुल मतदाताओं की संख्या 13.58 करोड़ से अधिक हो गई है। 10 अप्रैल को प्रकाशित पिछली मतदाता सूची की तुलना में, इस नई सूची में लगभग 18.84 लाख मतदाताओं की वृद्धि हुई है।

ब्रेकिंग न्यूज

दिल्ली के शाहदरा में मकान की छत गिरी, दो की मौत, 4 घायल

नई दिल्ली, 17 नवम्बर (न्यूज चैनल)। दिल्ली के शाहदरा जिले के विवेक विहार स्थित ज्वाला नगर इलाके में एक बड़ा हादसा हुआ है। मंगलवार को यहां एक दो मंजिला मकान की छत ढह गई, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल विभाग की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं और बचाव अभियान शुरू कर दिया। जानकारी के अनुसार, सुबह करीब 10:13 बजे मकान गिरने की सूचना प्राप्त हुई। खबर मिलते ही पुलिस और दमकल की टीम घटनास्थल पर पहुंच गई। फिलहाल, मलबे से छह लोगों को निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया है। घायलों में दो लोगों की मौत की खबर है। हालांकि, पुलिस की ओर से अभी पुष्टि होना बाकी है। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुटी हुई है। मृतकों की पहचान बाबू (3) और पिंटू (35) के रूप में हुई है। वहीं, अमन (18), आकाश (27), विकास (35) और खुशबू (30) घायल हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पटवारी-आरआई परीक्षा पेपर लीक में ईओडब्ल्यू का एक्शन, दिल्ली से दो आरोपी गिरफ्तार



रायपुर, 17 नवम्बर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के चर्चित पटवारी से राजस्व निरीक्षक पदोन्नति परीक्षा पेपर लीक मामले में आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो ने बड़ी कार्रवाई की है। जांच एजेंसी ने मामले में मध्यप्रदेश के भिंड जिले के रहने वाले दो आरोपियों को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान 35 वर्षीय वीर सिंह जाटव और 41 वर्षीय अरविंद जाटव के रूप में हुई है। दोनों भिंड जिले के उमरी थाना क्षेत्र के ग्राम घना की गड़िया के निवासी हैं। ईओडब्ल्यू ने 16 नवंबर को दोनों आरोपियों को रायपुर की विशेष अदालत में पेश किया। सुनवाई के बाद अदालत ने उन्हें 23 नवंबर 2026 तक यानी 8 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। अब जांच एजेंसी आरोपियों से पेपर लीक की साजिश, इसमें शामिल अन्य लोगों और अभ्यर्थियों से की गई कथित अवैध वसूली को लेकर पूछताछ करेगी। ईओडब्ल्यू-एसीबी की जांच के मुताबिक, 7 जनवरी 2024 को पटवारियों को राजस्व निरीक्षक प्रशिक्षण के लिए चयनित करने के उद्देश्य से विभागीय परीक्षा आयोजित की गई थी। परीक्षा का आयोजन परीक्षा आयुक्त, भू-अभिलेख की ओर से किया गया था। इसके परिणाम के आधार पर 216 अभ्यर्थियों का चयन हुआ था। बाद में परीक्षा में गड़बड़ी और अनियमितताओं की शिकायतें सामने आईं। इसके बाद राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई। जांच रिपोर्ट के आधार पर सामान्य प्रशासन विभाग ने प्रकरण की जांच ईओडब्ल्यू-एसीबी को सौंप दी। शुरुआती जांच में अनियमितताओं के तथ्य सामने आने के बाद ब्यूरो ने अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की।

जांच एजेंसी का आरोप है कि वीर सिंह जाटव और अरविंद जाटव ने प्रश्नपत्र मुद्रण समिति से जुड़े सह-आरोपी वीरेन्द्र जाटव के साथ मिलकर पेपर लीक की साजिश रची थी। ईओडब्ल्यू के अनुसार, आरोपियों ने परीक्षा की गोपनीयता भंग कर परीक्षा से पहले ही प्रश्नपत्र हासिल कर लिया था। इसके बाद कथित तौर पर लीक प्रश्नपत्र परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों तक पहुंचाया गया। जांच में यह भी आरोप सामने आया है कि अभ्यर्थियों को प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने और उसकी तैयारी के लिए जगह मुहैया कराने के बदले उनसे मोटी रकम वसूली गई थी। एजेंसी अब इस कथित नेटवर्क और पैसों के लेन-देन से जुड़े लोगों की भूमिका की जांच कर रही है।

सौरभ चंद्राकर की गिरफ्तारी के बाद रवि उप्पल और विकास अग्रवाल को लाने दुबई पहुंची सीबीआई और ईडी की टीम

रायपुर, 17 नवम्बर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाले और महादेव ऑनलाइन सट्टा मामले में बड़ा अपडेट सामने आया है। महादेव ऑनलाइन सट्टा के मुख्य आरोपी सौरभ चंद्राकर को ओमान के मस्कट से गिरफ्तार किया जा चुका है। सौरभ अभी रायपुर जेल में बंद है। उसकी गिरफ्तारी के बाद अब विदेश में बैठे आरोपियों को भी भारत लाने की कवायद तेज हो गई है। शराब घोटाले के आरोपी विकास अग्रवाल उर्फ सुब्बू और महादेव सट्टा प्रकरण के सह-प्रमोटर रवि उप्पल को दुबई से



भारत लाने के लिए जांच एजेंसियां ने तैयारी तेज कर दी है। इसके लिए विदेश मंत्रालय के समन्वय से सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय की टीमें दुबई पहुंची हैं।

जांच एजेंसियां दोनों आरोपियों को भारत लाने के लिए कानूनी और कूटनीतिक औपचारिकताएं पूरी करने में जुटी हैं। सूत्रों के मुताबिक, प्रत्यर्पण से संबंधित जरूरी दस्तावेजों और प्रक्रियाओं को आगे बढ़ाया जा रहा है। इसके लिए इंटरपोल और दुबई प्रशासन के साथ समन्वय किया जा रहा है। प्रत्यर्पण की मंजूरी मिलने के बाद दोनों आरोपियों को भारत लाया जा सकता है। इसके बाद उन्हें रायपुर की विशेष अदालत में पेश कर पूछताछ के लिए रिमांड पर लेने की तैयारी है।

विकास अग्रवाल उर्फ सुब्बू से शराब घोटाले में कथित वित्तीय लेन-देन, अन्य आरोपियों के साथ संपर्क और पूरे नेटवर्क को लेकर पूछताछ की जा सकती है। वहीं, महादेव ऑनलाइन सट्टा मामले में रवि उप्पल से नेटवर्क के संचालन, पैसों के लेन-देन और विदेशों में फैले कथित कारोबार से जुड़े सवाल किए जाने की संभावना है। जांच एजेंसियों को उम्मीद है कि दोनों आरोपियों से पूछताछ में कथित हवाला नेटवर्क, मनी लॉन्ड्रिंग और विदेशों में मौजूद संपत्तियों से जुड़े अहम सुराग मिल सकते हैं। हालांकि, दोनों को भारत लाने की प्रक्रिया अभी कानूनी और कूटनीतिक औपचारिकताओं पर निर्भर है।

बिरादरी की बातें

चूहा- सुनती हो, विपक्ष ने चुनाव आयोग से मांगे है 48 सवालों के जवाब!
चुहिया- हां जी, आयोग के पास तो हर सवाल का जवाब ही जवाब है।

डेढ़ लाख रुपये लेकर आरोपियों को छोड़ने का आरोप, एसआई समेत 6 पुलिसकर्मी निलंबित

जांजगीर-चांपा, 17 नवम्बर (हाईवे चैनल)। जांजगीर-चांपा जिले के सारागांव थाने में पुलिस विभाग की छवि को दागदार करने वाला मामला सामने आया है। शराब बिक्री के आरोपियों को कथित तौर पर डेढ़ लाख रुपये लेकर छोड़ने के मामले में पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय ने बड़ी कार्रवाई की है। जांच में प्रथम दृष्टया पैसे के लेन-देन की पुष्टि होने पर प्रशिक्षु उप निरीक्षक सहित छह पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबित पुलिसकर्मियों में प्रशिक्षु उप निरीक्षक पुष्पेन्द्र साहू, प्रधान आरक्षक अर्जुन जांगड़े सहित चार आरक्षक शामिल हैं।

वहीं, मामले की आगे की जांच सीएसपी जांजगीर योगिताबाली खापर्डे को सौंपी गई है। एसपी ने निर्देश दिए हैं कि भ्रष्टाचार और अवैध लेन-देन के आरोप प्रमाणित होने पर संबंधितों के खिलाफ अपराध दर्ज कर सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाए। एसपी ने साफ संदेश दिया है कि पुलिस विभाग में भ्रष्टाचार के लिए कोई जगह नहीं है और दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

गिरफ्तारी देने थाना पहुंचे अमित जोगी, आपत्तिजनक वीडियो मामले में राजेश मूणत ने दर्ज कराई थी एफआईआर

रायपुर, 17 नवम्बर (हाईवे चैनल)। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी आज अपनी गिरफ्तारी देने रायपुर के सिविल लाइन थाना पहुंचे हैं। पुलिस जोगी से पूछताछ कर रही है। बता दें कि हाल ही में अमित जोगी ने बहुत ही आपत्तिजनक वीडियो बनाकर प्रधानमंत्री और चुनाव आयुक्त के किरदार को दिखाया था। भाजपा नेता राजेश मूणत सिविल लाइन थाना पहुंचकर आपत्तिजनक वीडियो मामले में एफआईआर दर्ज कराई थी। मीडिया से चर्चा करते हुए मूणत ने कहा था कि अमित जोगी ने देश के प्रधानमंत्री और चुनाव आयोग के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के बारे में जिस प्रकार से वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में डाला है और जिस प्रकार के रोल अदा किए हैं वह निंदनीय है। इसके लिए शब्द नहीं है। राजनीति में सिद्धांतों और विचारों की लड़ाई होती है। अपनी बात को रखने का एक तरीका होता है।



सीजेआई सूर्यकांत से भिड़ा वकील, कहा- 'आप इस कुर्सी पर बैठने लायक नहीं', कोर्ट रूम में मचा हड़कंप

नई दिल्ली, 17 नवम्बर (न्यूज चैनल)। सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को उस वक्त हंगामा मच गया, जब एक वकील ने भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत के साथ तीखी बहस शुरू कर दी। वकील ने नाराजगी में सीजेआई के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए कहा कि वे इस कुर्सी पर बैठने के लायक नहीं हैं और उनमें ईमानदारी की कमी है। मामला बढ़ने पर कोर्ट की कार्यवाही का ऑडियो-वीडियो बंद करना पड़ा। बाद में सुरक्षाकर्मी वकील को कोर्ट रूम से बाहर ले गए। यह घटना सोमवार दोपहर करीब 2 बजे की है। उस समय सीजेआई सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच में



जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी. मोहना भी मौजूद थे।

जानकारी के मुताबिक, वकील अपने खिलाफ चल रहे अवमानना के मामले में जल्द सुनवाई चाहते थे। उन्होंने निर्धारित प्रक्रिया का पालन किए बिना अपना पक्ष रखने के लिए पहले माफी भी मांगी थी। इस पर जस्टिस वी. मोहना ने उन्हें प्रक्रिया के तहत ही मामला उठाने की सलाह दी। इसके बाद सीजेआई सूर्यकांत ने कहा, हम आपका आवेदन देखेंगे, आप थोड़ा इंतजार कीजिए। लेकिन वकील इस जवाब से नाराज हो गए और उन्होंने सीजेआई पर तीखी टिप्पणी कर दी। हालांकि, उन्होंने बेंच के अन्य दोनों न्यायाधीशों के प्रति सम्मान भी जताया। वकील की आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद सुप्रीम कोर्ट की कार्यवाही का ऑडियो और वीडियो बंद कर दिया गया। प्रत्यक्षदर्शी वकीलों के मुताबिक, कुछ देर बाद सुरक्षाकर्मी संबंधित वकील को कोर्ट रूम से बाहर ले गए। इस दौरान वहां मौजूद अन्य वकीलों ने सीजेआई से मामले में सख्त कार्रवाई करने की मांग की। हालांकि, वकील के खिलाफ आगे की कार्रवाई को लेकर आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।

टीनेज व युवाओं में तेजी से बढ़ रही है सूखे नशे की लत

नशे के कारण अब तक हो चुकी है कई मारपीट, हाफ मर्डर, मर्डर जैसे गंभीर अपराध

पुलिस की लगातार कार्रवाई के बाद भी नशेड़ियों का आसानी से उपलब्ध हो रहा सूखा नशा

धमतरी, 17 नवम्बर (हाईवे चैनल)। धमतरी जिले में पिछले कुछ सालों से नशेड़ियों की संख्या तेजी से बढ़ी है। इनमें शराब के साथ सूखे नशे के आदी ज्यादा है। सबसे ज्यादा टीनेज और युवा वर्ग नशे की गिरफ्त में आ रहे है जो अपना भविष्य नशे के गर्त में धकेल रहे है।

बता दे कि 12 वर्ष से लेकर 16 वर्ष के टीनेज तेजी से नशेड़ी बनते जा रहे है। इसकी शुरुवात गुटका, बीड़ी और सिगरेट से होती है। फिर संगति और ग्रुप बाजी के चलते वे धीरे-धीरे शराब, गांजा, सिलोशन, गोलियां आदि के नशे के शौकीन बन जाते है। शुरुवात में तो यह उन्हें अच्छा लगता है लेकिन यह देर सबेर अपराध का कारण बन जाता है। बता दे कि जिला पुलिस द्वारा लगातार नशे के अवैध कारोबार पर कार्रवाई की जा रही है। लगातार अवैध शराब, गांजा तस्करी, बिक्री, नशीली गोलियों, हिरोईन की बिक्री आदि पर सख्ती बरत रही है। जिससे कुछ स्थानो पर यह अवैध कार्य बंद भी हो गया है। बाउजूद इसके अभी भी नशेड़ी युवाओं को आसानी से अवैध नशा उपलब्ध हो रहा है। यह चिंतनीय है।



ज्ञात हो कि गांजा व सिलोशन सस्ता व तेज नशा होता है। जिसके लतखोर बढ़ते जा रहे है। बताया जा रहा है कि कुछ युवा बोनफिक्स माचिस की तीली, खांसी सिरप आदि से भी नशा करते है। इसलिए पुलिस को एक व्यापक कार्ययोजना बनाकर नशे के कुचक्र को तोड़ना होगा है। 12 से 25 वर्ष तक के युवा नशे के लत के कारण अपराध को भी अंजाम दे रहे है। नशे की लत पूरी करने युवा लूट मारपीट नकबजनी, चोरी करने से भी बाज नहीं आते है। वहीं पूर्व में नशेड़ी युवकों द्वारा कई जानलेवा अपराध को भी अंजाम दिया गया है। नशे में गैंग बाजी कर मारपीट, हाफ मर्डर व मर्डर जैसे गंभीर अपराध युवा कर चुके है।

नशीली गोलियों व ड्रग्स की सप्लाई: चर्चा है कि शहर में अब बड़े शहरों की तर्ज पर नशीली गोलियों व ड्रग्स की सप्लाई भी होने लगी है। पूर्व में नशीली गोलियां बेचने वाले कई आरोपियों को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया जा चुका है। वहीं पूर्व में ड्रग्स पैडलर भी गिरफ्तार हो चुके है। चर्चा है कि धमतरी के कई युवा ड्रग्स के आदि है वे सम्पन्न व संभ्रांत परिवार के युवा है जो मंहगा नशा करते है। इस प्रकार नशे के बढ़ते दायरे पर बारिकी से जांच कर रोक लगाने की आवश्यकता है। पुलिस के साथ ही परिवार वालों की भी बड़ी जिम्मेदारी नशे की लत से अपने बच्चों को बचाने में होती है।

CMYK